

नवभारत
इंदौर, बुधवार, 23 सितंबर 2026
03

# चांदनी रात में निकलेगा झिलमिलाती झांकियों का कारवां

## 20 से अधिक पंडालों में धार्मिक आयोजन, मध्यप्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र से पहुंचेंगे डीजे और कलाकार

पंडित संजय कमा मिश्रा

**सिंघाना.** गणेश उत्सव के चलते इन दिनों नगर सिंघाना में उत्साह, उमंग और भक्ति का माहौल बना हुआ है। गणेश चतुर्थी से ही नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सजे भव्य पंडाल श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। 20 से अधिक स्थानों पर भगवान श्री गणेश की आकर्षक प्रतिमाएं विराजमान की गई हैं। प्रतिदिन सुबह-शाम पूजा-अर्चना, आरती और महाप्रसादी के आयोजन हो रहे हैं, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं।

नगर में गणेश उत्सव के दौरान धार्मिक आयोजनों के साथ-साथ विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियां भी आयोजित की जा रही हैं। शाम होते ही गणेश पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ जाती है और पूरा नगर गणपति बप्पा के जयकारों से गूंज उठता है।

झंडा चौक में राजा के रूप में विराजे विघ्नहर्ता-सिंघाना के हृदय स्थल झंडा चौक में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा भगवान श्री गणेश की भव्य और अलौकिक प्रतिमा राजा के स्वरूप में विराजमान की गई है। आकर्षक सजावट के बीच स्थापित गणेश प्रतिमा श्रद्धालुओं के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनी हुई है। यहां प्रतिदिन महाआरती एवं महाप्रसादी का



आयोजन किया जा रहा है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु आरती में शामिल होकर प्रसादी का लाभ ले रहे हैं।

### लड्डू गोपाल स्वरूप में विराजे हैं श्री गणेश


याराना ग्रुप मित्र मंडल द्वारा लगाए गए पंडाल में भगवान श्री गणेश की लगभग 20 फीट ऊंची बाल गोपाल स्वरूप की आकर्षक प्रतिमा स्थापित की गई है। प्रतिमा को आकर्षक ढंग से सजाया गया है, जिसे देखने के लिए नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

एकादशी मंगलवार को यहां बाबा श्याम के भजनों एवं ज्योत के साथ भगवान श्री गणेश को छप्पन भोग अर्पित किया गया। धार्मिक आयोजन के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। बाल गोपाल के स्वरूप में विराजित गणेश प्रतिमा श्रद्धालुओं के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।



### 20 से अधिक पंडालों में रोज उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

नगर में 20 से अधिक स्थानों पर विभिन्न गणेश उत्सव समितियों एवं मित्र मंडलों द्वारा भव्य पंडाल सजाए गए हैं। बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद, मां चामुंडा जोहर बॉयज, शिवाजी पैनल, श्रीराम संगठन, मां हरसिद्धि मित्र मंडल, हेरंब गणेश मित्र मंडल, याराना ग्रुप, महाकाल ग्रुप, आर्यांस ग्रुप, मोक्ष ग्रुप,



मां आईजी मित्र मंडल, छोटे सरकार ग्रुप, जय भवानी मित्र मंडल, छतरीपुरा बॉयज ग्रुप, शुभम कॉलोनी एवं छत्रपति शिवाजी मित्र मंडल सहित विभिन्न समितियों द्वारा प्रतिदिन आरती, धार्मिक आयोजन एवं महाप्रसादी का आयोजन किया जा रहा है। पंडालों में आकर्षक विद्युत सजावट और धार्मिक थीम श्रद्धालुओं का ध्यान आकर्षित कर रही है। शाम के समय नगर में उत्सव जैसा माहौल नजर आ रहा है।

### कल निकलेगा भव्य 13 झांकियों का चल समारोह

गणेश उत्सव का मुख्य आकर्षण गुरुवार को आयोजित होने वाला भव्य तेरस झांकी चल समारोह रहेगा। गणेश उत्सव सिंघाना के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस चल समारोह में मध्यप्रदेश, गुजरात एवं महाराष्ट्र से ढोल, मॉडल, ताशे, डीजे साउंड और गायक कलाकार शामिल होंगे। चल समारोह में भगवान श्री गणेश की भव्य प्रतिमा के साथ भारतीय संस्कृति एवं धार्मिक परंपराओं पर आधारित अनेक विद्युत चलित एवं सुसज्जित झांकियां शामिल रहेंगी। आकर्षक विद्युत सजावट, डीजे साउंड, ढोल-ताशे और कलाकारों की प्रस्तुतियां समारोह का प्रमुख आकर्षण रहेंगी। आयोजन को लेकर नगरवासियों के साथ आसपास के क्षेत्रों में भी उत्साह बना हुआ है और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है।

**स्वास्थ्य जागरूकता शिविर में हुई नि:शुल्क जांच**-गणेश उत्सव के बीच मंगलवार को श्रीराम मंदिर धर्मशाला में हेल्थ अवेरनेस कैंप 2.0 का आयोजन भी किया गया। मोक्ष ग्रुप एवं परमार्थ सेवा संस्था, सिंघाना द्वारा आयोजित शिविर में नागरिकों की नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच कर उन्हें स्वस्थ जीवनशैली एवं नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के प्रति जागरूक किया गया। शिविर में ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, वजन एवं ऑक्सीजन स्तर सहित विभिन्न जांच की गईं। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने लोगों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श दिया। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. रितेश पाटीदार, स्त्री एवं त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. अंशु मुकाती, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. रवि पाटीदार, डॉ. संदीप पटेल (क्र.॥.रू.र.) एवं फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. मिताली पाटीदार ने सेवाएं दीं। लैब जांच में टेक प्रथम पाटीदार और टेक लवीश पाटीदार ने सहयोग किया। वहीं यूवर लैब इंदौर द्वारा नि:शुल्क शुगर जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई।

---

## एक नजर में

### सेवा संकल्प यात्रा का गंधवानी में किया स्वागत



**गंधवानी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन एवं देशसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 7 अक्टूबर 2026 तक आयोजित 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत 'वडनगर से वाराणसी—एक यात्रा, सेवा के नाम' यात्रा का धार ग्रामीण जिले में भव्य स्वागत किया गया। यात्रा के गंधवानी पहुंचने पर भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया। यात्रा सोमवार को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गंधवानी शाम करीब 5 बजे पहुंची। यात्रा के नगर में प्रवेश के दौरान बलवारी चौपाटी पर पुष्पवर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। स्वागत के दौरान वातावरण उत्साह और सेवा संकल्प के नारों से गूंज उठा।

एकलव्य परिसर में हुआ 'सेवा संवाद' कार्यक्रम- बलवारी चौपाटी से यात्रा आईटीआई एकलव्य परिसर पहुंची, जहां कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद वडनगर से वाराणसी की यात्रा कर रहे यात्रियों का स्वागत-सम्मान किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों की सहभागिता रही। इस दौरान यात्रा से जुड़े लोगों ने स्थानीय नागरिकों से संवाद किया तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाई।

यात्रा की प्रभारी और राज्य सभा सांसद संगीत यादव ने कहा कि सेवा, पर्यावरण एवं जनसहभागिता का संदेश- सेवा संकल्प यात्रा का उद्देश्य केवल जनसंपर्क तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके माध्यम से जल, जंगल और जमीन के संरक्षण, जल संवर्धन, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, पौधारोपण एवं जनजागरूकता का संदेश भी दिया जा रहा है। यात्रा के विभिन्न पड़ावों पर स्थानीय नागरिकों एवं ग्रामीणों द्वारा यात्रा का स्वागत किया जा रहा है। यात्रा के दौरान लाभार्थी संवाद, पौधारोपण, स्वच्छता अभियान, सेवा गतिविधियां एवं सामाजिक सहभागिता से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद कर योजनाओं की जानकारी एवं उनके प्रभाव के बारे में भी चर्चा की जा रही है।

गुजरात से वाराणसी तक पहुंचेगा सेवा का संदेश- 'वडनगर से वाराणसी—एक यात्रा, सेवा के नाम' यात्रा गुजरात के वडनगर से प्रारंभ होकर उत्तर प्रदेश के वाराणसी तक पहुंचेगी। यात्रा विभिन्न मार्गों से होकर गुजरते हुए 55 जिलों में सेवा एवं जनसंपर्क से जुड़े कार्यक्रमों को आगे बढ़ाएगी। यात्रा के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा, जनसहभागिता एवं राष्ट्र निर्माण के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

---

# सहस्त्र औदिच्य ब्राह्मण समाज की तहसील स्तरीय बैठक खरसोड़ा में

## संगठन विस्तार, धर्मशाला एवं अन्नकूट आयोजन को लेकर हुई महत्वपूर्ण चर्चा

**खरसोड़ा/धार।** सहस्त्र औदिच्य ब्राह्मण समाज की धार तहसील स्तरीय बैठक ग्राम खरसोड़ा में की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशुराम जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन-अर्चन के साथ किया गया।

बैठक में समाज की उज्जैन में नवीन धर्मशाला निर्माण को लेकर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही समाज की एकजुटता एवं संगठन को ग्राम से लेकर तहसील स्तर तक मजबूत करने तथा आगामी सामाजिक गतिविधियों की रूपरेखा पर चर्चा हुई। दीपावली के अवसर पर समाज द्वारा अन्नकूट आयोजन किए जाने को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया।

समाज संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से धार तहसील के लिए दिनेश व्यास, खरसोड़ा को



तहसील संयोजक, मोहन शर्मा, खरसोड़ा को तहसील महामंत्री तथा कल्याण जी शर्मा, सिमलावदा को तहसील सचिव नियुक्त किया गया।

संगठन के सक्रिय सदस्यों के रूप में महेश शर्मा छटीया, राजेंद्र शर्मा आकोदा, देवेंद्र जोशी आहू, हेमंत जानी आहू, महेश जी शर्मा नलावदा, कैलाश शर्मा नाननवासा, गोविंद जोशी सगवाल और आनंद अवस्थी भरावदा को जिम्मेदारी दी गई।

वहीं समाज के वरिष्ठ मार्गदर्शक के रूप में देवीशंकर जी शर्मा धार, रमेशचंद्र जी शर्मा भीलगुन एवं भगत जी शर्मा चंदवाड़ा का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।कार्यक्रम के दौरान सहस्त्र औदिच्य ब्राह्मण समाज के नवनियुक्त मालवा प्रांत अध्यक्ष श्री अशोक (प्रेमशंकर) शर्मा का समाजजनों द्वारा स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर प्रांतीय कोषाध्यक्ष सुनील शर्मा, प्रांतीय सचिव शांतिलाल जी शर्मा, जगदीश शर्मा धार, आजाद पंड्या, सत्यनारायण शर्मा, निरंजन शर्मा, संजय शर्मा, ऋतुराज शर्मा, दिनेश शर्मा, अशोक शर्मा छटीया, मोहनलाल जी शर्मा, सत्यनारायण शर्मा धार, कांतिलाल जी शर्मा नलावदा, राजेश शर्मा धार सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। बैठक के उपरांत ग्राम खरसोड़ा के समाजजनों द्वारा सहभोज का आयोजन भी किया गया।

बैठक में समाज की आगामी कार्ययोजना, संगठन विस्तार, सामाजिक कार्यक्रमों तथा समाजहित के विभिन्न विषयों पर सकारात्मक चर्चा की गई। उपस्थित समाजजनों ने संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। संचालन विकास शर्मा खरसोड़ा ने किया।

---



# सत्यम और शीतल करेंगे कोड और बिड़वाल का उपचार

**बदनावर।** क्षेत्र के बिड़वाल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और कोद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नवीन एमबीबीएस डॉक्टरों की नियुक्ति हुई है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। पूर्व कैबिनेट मंत्री राजवर्धनसिंह दत्तीगांव के प्रयासों से यह नियुक्तियां हुई हैं।

**ग्रामों में मिलेगी स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती**

सोमवार को बदनावर सिविल हॉस्पिटल में डॉ. शीतल मानावत एवं डॉ. सत्यम शर्मा ने सीबीएमओ डॉ. एचएस मुजाल्दा की उपस्थिति में पदभार ग्रहण किया। स्वास्थ्य विभाग भोपाल द्वारा डॉ. सत्यम शर्मा की नियुक्ति कोद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा डॉ. शीतल मानावत की नियुक्ति बिड़वाल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में की गई है।

नवनियुक्त डॉक्टरों के पदभार ग्रहण करने पर नगर परिषद अध्यक्ष मीना यादव, उपाध्यक्ष राजेंद्रसिंह पंवार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रेमचंद परमार, भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी मनोज सोलंकी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मनीष गुर्जर, एल्डरमैन मितेश शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष अंशुमन जोशी एवं पार्षद प्रतिनिधि भेरूलाल डावर ने उनका स्वागत कर शुभकामनाएं दीं। मालूम हो कि 3 माह पहले भी क्षेत्र में 9 नए डॉक्टरों की नियुक्ति हुई थी।

---

# गणेशोत्सव पर महाआरती

**धार ।** गणेशोत्सव पर ओंकार नगर जोशी कालोनी में दस फिट ऊंची गणेशजी प्रतिमा की स्थापना हुई इस अवसर पर दस दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन प्रति दिन अलग-अलग बच्चों के लिए प्रतियोगिता रख कर मनोरंजन व बच्चों के प्रति बालगंगाधर तिलक ने सनातन धर्म जात-



पात का भेद भाव मिटाने के उद्देश्य से यह परम्परा को आगे बढ़ाते हुए वरिष्ठजन के सहयोग से आज महाआरती व छप्पन भोग का आयोजन? रखा गया इस अवसर पर सागर ,अनु उद्धव ,केशव ,देव, रुपम कार्तिक, मंदार , राहुल जतिन राधे शोमित अनिकेत शिवाय देवांश कियान शिवराज केशव कशिश हंसिका दिव्यांशी मनस्वी काव्या वैदेही दीरा कनिष्का लक्षित गर्वित सभी बाल बच्चों ने बड़े ही धूमधाम से उत्सव मनाया।

---

# महिला को मरते हुए वायरल वीडियो को पुलिस ने बताया आपसी विवाद...

**गंधवानी।** एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसमें एक महिला को दो व्यक्ति जबरदस्ती मोटरसाइकिल पर ले जाते हुए दिखाई दे रहे थे, वीडियो वायरल होते ही पुलिस ने मोर्चा संभाल लिया था।

जानकारी के अनुसार वाइरल वीडियो के सम्बन्ध में पुलिस ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से सूचना मिली कि एक महिला को जबरदस्ती दो आदमी मोटरसाईकल पर बिठाकर ले जा रहे है, जिसकी तस्दीक की गई जो उक्त महिला सरिताबाई पति कालिया उर्फ़ अनिल जमरा जाति भीलाला उम्र 30 साल निवासी ग्राम रायपुरिया को थाने पर तलब किया जो अपने पति अनिल मां नूरलीबाई के साथ थाने पर उपस्थित हुई और पूछताछ की गई जो उक्त महिला द्वारा बताया गया।

---

# धार जिला क्रिकेट एसोसिएशन पदाधिकारियों ने कलेक्टर से की मुलाकात

**धार।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने आईडीसी अध्यक्ष आकाश विजयवर्गीय से एवं धार कलेक्टर से मुलाकात की एवं क्रिकेट खिलाड़ियों को नेट्स के लिए मैदान की अनुपलब्धता बताते हुए नेट्स के लिए मैदान उपलब्ध कराने हेतु ज्ञापन सौंपा गया विदित है कि जिले के 150 बच्चे क्रिकेट की नेट प्रैक्टिस उदय रंजन क्रिकेट ग्राउंड पर



करते थे किंतु स्विमिंग पूल बनने के कारण बच्चों की नेट प्रैक्टिस बाधित हुई है आईडीसीए अध्यक्ष आकाश विजयवर्गीय एवं धार कलेक्टर ने आश्वासन दिया कि वह जल्द से जल्द धार जिला क्रिकेट एसोसिएशन को नेट्स के लिए मैदान उपलब्ध करवाएंगे एसोसिएशन के सचिव अंबालाल पाटीदार ,प्रदीप जोशी ,राजेंद्र सिंह चौहान प्रमोद फाटक ,डॉ.अजेश माइकल,कपिल यादव ,सुनील रघुवंशी उपस्थित थे यह जानकारी एसोसिएशन के प्रवक्ता कुशल शर्मा ने दी है।

---

**एक नजर में** ▶ खेड़ापति हनुमान मंदिर (मोहनखेड़ा) में पौधारोपण और नशामुक्ति के संकल्प से किया शुभारंभ

# सेवा संकल्प यात्रा के दूसरे दिन दिखा जन-उत्साह

- राजगढ़, सरदारपुर एवं मांगोद में जनप्रतिनिधियों, नगर पालिका व ग्रामीणों द्वारा भव्य पुष्प-वर्षा से स्वागत
- एकीकृत शा.उ.मा.वि. अमझेरा के विद्यार्थियों ने की पुष्पवर्षा; शहीद राजा बख्तावर सिंह की प्रतिमा का दही-दूध से किया अभिषेक







**धार।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जनसेवा और राष्ट्रसेवा के सफल 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 'सेवा संकल्प अभियान-2026' के अंतर्गत संचालित 'सेवा संकल्प यात्रा' (जन जल सेवा संकल्प यात्रा) के दूसरे दिन धार जिले में ऐतिहासिक जन-उत्साह देखने को मिला।

यात्रा के दौरान विभिन्न पर्यावरणीय, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, छात्र-छात्राओं और नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

यात्रा का धार नगर आगमन पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ हेमांग जोशी व युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर भाजपा संभाग प्रभारी रणवीर सिंह रावत भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती विधायक नीना वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

पौधारोपण, नशामुक्ति का संकल्प एवं राजगढ़ में आत्मीय स्वागत

सुबह 9 बजे यात्रा का विधिवत शुभारंभ राजगढ़ स्थित मोहनखेड़ा के प्रसिद्ध खेड़ापति हनुमान मंदिर परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम के साथ हुआ। इस अवसर पर उपस्थित विशाल जनसमूह को नशामुक्ति का संदेश देते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण की शपथ दिलाई गई तथा पर्यावरण संरक्षण हेतु अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया गया।

मोहनखेड़ा से प्रस्थान कर यात्रा राजगढ़ पहुंची, जहां जनप्रतिनिधियों द्वारा पुष्पमालाएं पहनाकर यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। तत्पश्चात यात्रा बस स्टैंड राजगढ़ से गुजरी, जहां नगर पालिका राजगढ़ की ओर से पुष्प-वर्षा कर आत्मीय अभिनंदन किया गया।

सरदारपुर एवं मांगोद में पुष्पवर्षा से अभिनंदन

राजगढ़ से आगे बढ़ते हुए कुक्षी नाका, चौपाटी व राजेंद्र द्वार होते हुए यात्रा सरदारपुर पहुंची, जहां स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने पुष्पमालाओं से यात्रा की अगवानी की। इसके बाद यात्रा फुलगावड़ी और मांगोद पहुंची। मांगोद में ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक पुष्पवर्षा कर यात्रियों का स्वागत किया। तत्पश्चात यात्रा राजपुरा होते हुए ऐतिहासिक नगरी अमझेरा की ओर बढ़ी।

विद्यार्थियों द्वारा स्वागत, अमझेरा किले में दुग्धाभिषेक व स्वच्छता अभियान

यात्रा जब अमझेरा के प्रमुख मार्गों से होते हुए अमर शहीद राजा बख्तावर सिंह के किले की ओर बढ़ी, तब किले में प्रवेश से पूर्व 'एक शाला एक परिसर' एकीकृत शाला शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अमझेरा के विद्यार्थियों द्वारा यात्रा पर भव्य पुष्पवर्षा कर उत्साहपूर्ण स्वागत किया गया।इसके पश्चात यात्रा किले परिसर में पहुंची। यात्रियों और जनप्रतिनिधियों ने प्रवेश द्वार पर स्थित अमर शहीद राजा बख्तावर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दही एवं दूध से अभिषेक किया। इस दौरान पूरा परिसर 'अमर शहीद राजा बख्तावर सिंह अमर रहें', 'वन्दे मातरम' और 'भारत माता की जय' के गगनभेदी जयकारों से गूंज उठा। इसके उपरांत महल परिसर में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत विशेष सफाई कार्य किया गया।



### भोजशाला में मां वांग्देवी की पूजा-अर्चना आरती और इतिहास की जानकारी

अमझेरा से तिरला होते हुए यात्रा प्राचीन संरक्षित इमारत भोजशाला मां वाग्देवी के मंदिर पहुंची। परिसर में आगमन पर यात्रा का स्थानीय नागरिकों, प्रबुद्ध जनों एवं समिति सदस्यों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। भोजशाला में आयोजित पूजा-अर्चना कार्यक्रम में वड़ोदरा (गुजरात) सांसद डॉ. हेमांग जोशी ने मिलकर मां वाग्देवी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर महाआरती उतारी। इसके बाद यात्रा छत्री, हटवाड़ा, मोहन टॉकीज चौराहा, छोड़ा चौपाटी, टीवीएस एवं त्रिमूर्ति चौराहा से होते हुए संवाद स्थल पहुंची। 'सेवा नायक सम्मान', समरसता भोजन एवं बेटमा की ओर प्रस्थान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सेवा और समर्पण के 25 वर्ष पूर्ण होने पर 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत जे.एम.डी. गार्डन में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती ने स्वागत उद्बोधन देते हुए संपूर्ण कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सेवा संकल्प अभियान के तहत समाज सेवा में समर्पित 'सेवा नायकों' की महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला।